भारत सरकार
भारी उद्योग मंत्रालय

लोकसभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 4261
19.08.2025 को उत्तर के लिए नियत

मशीनरी और विद्युत उपकरण सुरक्षा संशोधन आदेश (सर्वव्यापी तकनीकी विनियमन), 2025

4261. **श्री प्रदीप कुमार सिंहः**
श्री बिभु प्रसाद तराईः

क्या **भारी उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः
(क) मशीनरी और विद्युत उपकरण सुरक्षा (सर्वव्यापी तकनीकी विनियमन) संशोधन आदेश, 2025 का विषय-क्षेत्र क्या है और इस नए विनियमन के अंतर्गत उत्पादों की कौन-सी विशिष्ट श्रेणियाँ शामिल हैं;
(ख) घरेलू निर्माताओं और आयातकों के लिए विस्तृत अनुपालन शर्तें क्या हैं;
(ग) इस आदेश के कार्यान्वयन की, विशेषकर असेंबली, उप-असेंबली और घटकों के संबंध में रणनीति क्या है;
(घ) प्रदान की गई छूटों, यदि कोई हो, का ब्यौरा क्या है; और
(ङ) सरकार द्वारा इन नए तकनीकी विनियमों और प्रमाणन मानकों को अपनाने में उद्योग और विशेषकर लघु और मध्यम आकार के उद्यमों को सहायता प्रदान करने के लिए क्या उपाय किए गए हैं?

उत्तर
भारी उद्योग राज्य मंत्री
(श्री भूपति राजू श्रीनिवास वर्मा)

(क): "मशीनरी और विद्युत उपकरण सुरक्षा (सर्वव्यापी तकनीकी विनियमन) संशोधन आदेश, 2025", 28 अगस्त, 2024 को भारत के राजपत्र में प्रकाशित मशीनरी और विद्युत उपकरण सुरक्षा (सर्वव्यापी तकनीकी विनियमन) आदेश, 2024 में संशोधन करता है। इस इस संशोधन आदेश में निम्नलिखित निर्धारित किया गया है:

(i) यह विनियमन 1 सितंबर 2026 से मूल आदेश की पहली अनुसूची में सूचीबद्ध सभी मशीनों और विद्युत उपकरणों पर लागू होगा।

(ii) मूल आदेश की प्रथम अनुसूची में सूचीबद्ध असेंबली, उप-असेंबली और घटक उस तारीख से लागू होंगे, जिसे केंद्र सरकार द्वारा आधिकारिक राजपत्र में अधिसूचित किया जाएगा।

(ख): मशीनरी और विद्युत उपकरण सुरक्षा (सर्वव्यापी तकनीकी विनियमन) आदेश, 2024 की पहली अनुसूची में निर्दिष्ट प्रत्येक मशीन, या जैसा भी मामला हो, विद्युत उपकरण, नीचे दिए गए संबंधित भारतीय मानकों के अनुरूप होंगे, जैसा कि लागू हो:-

(i) नीचे दिए गए क प्रकार के मानक: आईएस 16819:2018/आईएसओ 12100:2010 (मशीनरी सुरक्षा डिजाइन के लिए सामान्य सिद्धांत- जोखिम मूल्यांकन और जोखिम न्यूनीकरण) और,

(ii) ख प्रकार के मानक - दूसरी अनुसूची के अनुसार;

(iii) ग प्रकार के मानक - तीसरी अनुसूची के अनुसार: बशर्ते कि यदि कोई ग प्रकार का मानक क प्रकार या ख प्रकार के मानक द्वारा निपटाए गए एक या अधिक तकनीकी प्रावधानों के अनुरूप नहीं होता है, तो ग प्रकार के मानक को प्राथमिकता दी जाती है।

(ग): पहली अनुसूची में मशीनों और विद्युत उपकरणों के लिए अनुपालन 1 सितंबर 2026 से शुरू होगा। असेंबली, उप-असेंबली और घटकों को आधिकारिक राजपत्र में अधिसूचित की जाने वाली तारीख से विनियमन के तहत लाया जाएगा। भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) को प्रमाणन और प्रवर्तन प्राधिकरण के रूप में अधिसूचित किया गया है।

(घ): प्रदान की गई छूटों का विवरण नीचे दिया गया है:

(i) निर्यात के लिए घरेलू स्तर पर निर्मित वस्तुएँ;

(ii) सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा जारी केंद्रीय मोटर वाहन नियम, 1989 के अंतर्गत आने वाले निर्माण उपकरण;

(iii) बीआईएस अधिनियम, 2016 की धारा 16 के अंतर्गत जारी अन्य आदेशों के अंतर्गत पहले से शामिल उत्पाद।

(ङ): उद्योग, विशेष रूप से लघु और मध्यम आकार के उद्यमों को "मशीनरी और विद्युत उपकरण सुरक्षा (सर्वव्यापी तकनीकी विनियमन) आदेश, 2024" के अनुकूल बनाने में सहायता के लिए, सरकार ने निम्नलिखित उपाय किए हैं: -

(i) 23.10.2024 को घरेलू विनिर्माताओं के लिए पूर्व-पंजीकरण हेतु पोर्टल को शुरू हुआ और 31 जुलाई 2025 तक, 494 घरेलू निर्माताओं ने उस पोर्टल पर पूर्व-पंजीकरण कराया है।

(ii) उद्योग संघ, भारी उद्योग मंत्रालय और भारतीय मानक ब्यूरो के सहयोग से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं।

*****